शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

दूरभाष–07782–229215

क्रमांक / 68 / परीक्षा / गोपनीय / श.म.क.वि.वि. / 2022 जगदलपुर दिनांक 21 / 01 / 2022

/ / अधिसूचना / /

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 17–04 / 2022 / 38–1 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 13 / 01 / 2022 के अनुसार कोविड–19 महामारी के संक्रमण को देखते हुए राज्य शासन, प्रदेश के राजकीय / निजी विश्वविद्यालयों एवं शासकीय / अशासकीय महाविद्यालयों में परीक्षाओं के संबंध में शिक्षा सत्र 2021–22 के सेमेस्टर पद्वति वाले सभी पाठ्यक्रमों की प्रथम, तृतीय एवं अन्य सेमेस्टर की परीक्षाऍ / ऑनलाईन / ब्लैन्डेड मोड में आयोजित करने के संबंध में कार्यपरिषद के अनुमोदन से विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किये जाने हेतु आदेश जारी किया गया है। उक्त आदेश के परिपालन में अध्यादेश क्रमांक 05 की कंडिका 22 के अनुसार परीक्षा आयोजन कराये जाने हेतु विनियम कार्यपरिषद की 36वीं बैठक के विषय क्रमांक 4 में अनुमोदन प्रदान किया गया। उक्त के परिपेक्ष्य में निम्नानुसार अधिसूचना जारी किया जाता है:–

1. परीक्षार्थिओं को महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्रों के माध्यम से प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए एक प्रश्न पत्र, एक मुख्य उत्तरपुस्तिका (24 पेज) एवं एक पूरक उत्तरपुस्तिका (08 पेज) कुल 32 पेज का बुकलेट बनाकर सभी प्रश्नपत्रों का बुकलेट एक लिफाफा में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि अनुसार परीक्षा केन्द्रों के माध्यम से प्रदान किया जायेगा। परीक्षार्थियों द्वारा सीधे परीक्षा केन्द्रों / महाविद्यालय / विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं में हस्तलिखित उत्तरपुस्तिका विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समय सारिणी अनुसार जमा किया जायेगा।
2. सभी कक्षाओं / विषयों के प्रत्येक प्रायोगिक प्रश्न पत्र के लिए एक पूरक उत्तरपुस्तिका (08 पेज) महाविद्यालय / विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं द्वारा सैद्धांतिक परीक्षाओं के उत्तरपुस्तिका के साथ प्रदान किया जायेगा। प्रश्न पत्र / प्रायोगिक कार्य महाविद्यालय / विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं द्वारा तैयार कर सैद्धांतिक परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों के साथ प्रदान किया जायेगा। हस्तलिखित प्रायोगिक परीक्षाओं के उत्तरपुस्तिकाओं को सैद्धांतिक परीक्षाओं के उत्तरपुस्तिकाओं के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा अनुपस्थित माना जाए। मौखिक परीक्षाओं का आयोजन प्रायोगिक प्रश्न पत्रों के उत्तरपुस्तिकाओं को समय सारिणी अनुसार जमा करने के पश्चात् महाविद्यालय / विश्वविद्यालय अध्ययनशाला द्वारा ऑनलाईन किया जायेगा।
3. इस परीक्षा प्रणाली में विश्वविद्यालय अध्यादेश के प्रावधान अनुसार (BBA, LLB पुनर्मूल्याकंन) एवं सभी पाठ्यक्रमों पर पुनर्गणना एवं एटीकेटी परीक्षा के प्रावधन होगें।
4. समय–सारिणी के साथ परीक्षा केन्द्रों तथा परीक्षार्थियों हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश विश्वविद्यालय द्वारा जारी किया जायेगा।
5. यह विनियम केवल सेमेस्टर परीक्षा जुलाई–दिसम्बर 2021 सत्र 2021–22 के लिए ही लागू होगा।

21/01/2022

कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर (छ.ग.)

क्रमांक / 69 / परीक्षा / गोपनीय / श.म.क.वि.वि. / 2022 जगदलपुर दिनांक 21 / 01 / 2021

प्रतिलिपिः–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के सचिव, राजभवन, रायपुर को सूचनार्थ।
2. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर ,नवा रायपुर को सूचानार्थ।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचानालय, इन्द्रवती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर को सूचनार्थ।
4. मान.कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर को सूचनार्थ।
5. समस्त विभागाध्यक्ष विश्वविद्यालय अध्ययनशाला शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. प्राचार्य समस्त संबद्ध महाविद्यालय शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. सहायक कुलसचिव (अकादमिक) शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर को सूचनार्थ।
8. सम्पादक,नवभारत / दैनिक भास्कर / देशबंधु / हरिभूमि / नईदुनिया / हाईवे चैनल / दण्डकारण्य / प्रातःइण्डिया महाकौशल / हिन्दसत् / पत्रिका को इस अनुरोध के साथ कि उक्त समाचार को छात्र हित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
9. सूचना पटल

सहा. कुलसचिव (परीक्षा)

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

जगदलपुर (छ.ग.)